# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कल, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार झामुमो के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को दिलायेंगे मंत्री पद की शपथ।**
2. **रामगढ़ के पंजाब रेजिमेंट सेंटर में 31 सप्ताह की ट्रेनिंग के बाद चार सौ 38 अग्निवीरों ने ली देश सेवा की शपथ, पासिंग आउट पैरेड में दिखी साहस, अनुशासन और प्रतिबद्धता की भावना।**
3. **झारखंड हाईकोर्ट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राहत, एमपी–एमएलए कोर्ट के सशरीर पेश होने के आदेश पर लगाई रोक, 16 दिसंबर को फिर होगी सुनवाई।**
4. **सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के स्टेशनों के पुनर्विकास की उठायी मांग, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– झारखंड में रेलवे के पुनरुद्धार के लिए केन्द्र सरकार प्रयासरत। और,**
5. **रांची समेत राज्य भर में न्यूनतम तापमान गिरने से बढ़ेगी ठंड, केन्द्र ने जारी की एडवाइजरी, सभी अस्पतालों में विशेष तैयारी के निर्देश।**

****************

हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कल होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार राजभवन में मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठबंधन वाली इस सरकार में 11 मंत्रियों को शामिल किए जाने की संभावना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा से छह, कांग्रेस से चार और राष्ट्रीय जनता दल से एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी।

इस बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि कांग्रेस को मिले चार मंत्रियों के कोटे में सभी वर्गों और प्रमण्डलों का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूर्व की सरकार मे जो विभाग कांग्रेस मंत्रियों के पास थे, दुबारा वही विभाग उन्हें मिलेंगे।

****************

रामगढ़ जिले के पंजाब रेजीमेंट सेंटर स्थित किलाहारी ड्रिल स्क्वायर में आज अग्निवीरों की पासिंग आउट परेड संपन्न हुई। इस पासिंग आउट परेड में 438 अग्निवीरों ने हिस्सा लिया और देश सेवा की शपथ ली। पंजाब रेजीमेंट सेंटर के ब्रिगेडियर संजय चंद्र कण्डपाल ने इस मौके पर श्री कण्डपाल ने कहा कि उन्हें यकीन है कि ये जवान हर चुनौती से निपटने में सफल होंगे।

****************

झारखंड हाईकोर्ट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राहत मिली है। हाईकोर्ट ने रांची स्थित एमपी–एमएलए की विशेष अदालत के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें श्री सोरेन को व्यक्तिगत पेशी से छूट देने से इन्कार किया गया था। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है।

****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में डायन–बिसाही के आरोप में आदिवासी महिला को प्रताड़ित करने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है। अपने एक्स हैंडल पर उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि रांची पुलिस संबंधित मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें और पीड़ित को उचित सहायता प्रदान करें।

****************

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने आज लोकसभा में रांची से बरकाकाना के रास्ते दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन फिर से शुरु करने की मांग की। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी स्टेशनों को अमृत योजना से जोड़ने का आग्रह भी रेलमंत्री से किया। प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि झारखंड में रेलवे के पुनरुद्धार के लिए केन्द्र सरकार प्रयासरत है।

****************

हटिया–आनंद विहार– हटिया झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन जारी रहेगा। जाड़े में कोहरे के मौसम की वजह से रांची रेल मण्डल से इस ट्रेन का परिचालन रद्द कर दिया गया था, किन्तु अब इन ट्रेनों को फिर बहाल कर दिया गया है। गौरतलब है कि पलामू के सांसद वीडी राम ने ट्रेन परिचालन के सिलसिले में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा था।

****************

देवघर जिले में एक नया रेलवे स्टेशन महेशमारा बनने जा रहा है। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

****************

सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर में दिसंबर महीने से जेवीबीएनल के करीब 35 हजार उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाने के लिए भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। आदित्यपुर के विद्युत कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद ने बताया कि केंद्र सरकार की री–वेम्प योजना के तहत जमशेदपुर एरिया बोर्ड के आदित्यपुर डिवीजन की व्यवस्था सुदृढ होने जा रही है।

****************

रांची के मेन रोड से लगे लालजी हीरजी रोड में आज सुबह एक बिल्डिंग में भीषण आग लग गयी। अगलगी में कम से कम 12 दुकानें जलकर राख हो गई हैं। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने की वजह से बिल्डिंग में आग लगी।

****************

शारजाह में अंडर–19 एशिया कप क्रिकेट के ग्रुप–ए में आज भारत ने संयुक्त अरब अमारात को दस विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारत ग्रुप–ए में दूसरे स्थान पर है।

****************

मौसम विभाग ने आज से ठंड बढ़ने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि चक्रवाती तूफान फेंजल का असर झारखंड में समाप्त हो चुका है और अब तापमान तेजी से गिरावट दर्ज की जायेगी।

*******समाप्त*******